सार-समाचार

चौरड़िया भवन में प्रवचन जारी

जोधपुर, (कासं) । चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने शुक्रवार को प्रवचन में कहा कि संसार के आरंभ परिग्रह कार्य से राग-द्वेष, मोह बढ़ता है जिससे छः काय जीवों को पीड़ा पहुंचती है। जो शरीर के प्रति आसक्त रह कर अपनी आत्मा का हित, ध्यान नहीं रखते वे कायर है। साधक के लिए हर प्रतिकूलता ही अनुकूलतालग कर नया बोध देती है। हमें सहयोग नहीं मिले तो गुरु कहते है कि भगवान के ज्ञान में ऐसा ही होना था,भगवान हमें जाग्रत एवं प्रमाद रहित देखना चाहते है, हमको आरंभ परिग्रह में जाने से बचा रहे है। किसी की भी निदा नही करे। वात्सल्य, मैत्री, प्रेमभाव, मजबूत रखते हुए हमे सहयोग मिलेगा रखने से हमे सहयोग मिलेगा। इससे पूर्व महासती नगीना श्री जी ने कहा कि अगर आपके घर में प्रेम, पवित्रता, सफाई है तो कोई भी गलत कार्य नहीं होगा। वात्सल्य प्रदान करने से अनेककुसंगत कुव्यसन हिंसा छूट जाती है, वे धर्म से जुड़ कर साधु-साध्वी का सत्संग पाकर महामंत्र नवकार मंत्र की आराधना करने से उनके कष्ट निष्फल हो जाते है। नमस्कार महामंत्र की इबादत, साधना करने से सभी प्रकार के अमंगल दूर हो जाते। वात्सल्य का श्रेष्ठ गुण है। दुर्लभ मनुस्य भव प्राप्त कर नवकार मंत्र की साधना करे।

'तेरे मेरे सपने' के अंतर्गत संवाद केन्द्र

पाली, (नि.सं.)। राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल ''तेरे मेरे सपने'' के अंतर्गत जिले में विवाह पूर्व संवाद केन्द्र की स्थापना की गई है जिसका उद्देश्य युवाओं को विवाह पूर्व संवाद कौशल सिखाकर उन्हें सशक्त बनाना पारिवारिक संबंधों को मजबूत करना तथा समाज में स्थायी और सम्मानजनक वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करना है। जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशन में उप निदेशक महिला अधिकारिता भागीरथ द्वारा इस केन्द्र की स्थापना कार्यालय उपनिदेशक महिला अधिकारिता लेबर कोर्ट के पीछे शिवाजी नगर पाली में की गई है। यह केन्द्र युवाओं को विवाह से पहले एक-दूसरे को समझने आपसी संवाद स्थापित करने तथा वैवाहिक जीवन से जुड़ी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने में सहायक होगा। केन्द्र में युवाओं को परामर्श प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी जिससे वे वैवाहिक जीवन की शुरुआत बेहतर समझदारी और सामंजस्य के साथ कर सकें। यह पहल न केवल भावी दंपतियों को मानसिक और सामाजिक रूप से तैयार करने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास है बल्कि यह समाज में घटते पारिवारिक संवाद की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

लोन चुकाने के नाम पर धोखाधड़ी

जोधपुर, (का.सं.)। उदयमंदिर थाना पुलिस ने मकान का लोन सेटलमेंट करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित को मकान का लोन चुकाने के बदले सेटलमेंट करवाने का ऑफर दिया था। इसके बाद कागजात पर साइन करवाकर उसके मकान को किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया था। इसका पता चलने पर पीड़ित सोहनसिंह ने मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि उनके मकान पर लोन लिया हुआ था। जिसे वो चुका नहीं पा रहा था। इस पर उनसे ईश्वर चौधरी नाम के व्यक्ति ने उनसे सम्पर्क किया। बताया कि वो उनके मकान पर लोन कम करवा देगा और सेटलमेंट कर देगा। इसके लिए उसने कुछ कागजों को साइन करने के लिए भिजवाया। उसने उन कागजों का दुरूपयोग करके उस मकान को बेच दिया। उदयमंदिर थाना अधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि इस मामले में ईश्वर चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व इसी मामले में मकान को बेचने में सहायक शिव अरोड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

देवर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला

जोधपुर, (कासं) । जिला पूर्व में एक गांव में महिला से दुष्कर्म किया गया। आरोपी महिला का देवर बताया जाता है। आरोपी ने अपने बड़े भाई का एक्सीडेंट होने की जानकारी देकर पीड़िता को बाइक पर लेकर गया। अब पीड़िता की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस जांच में जुटी है। पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है।जिला पूर्व के एक पुलिस निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता ने रिपोर्ट दी। वह जिला पश्चिम के एक गांव में रहती है। मई महिने में उसका देवर आया और बोला के उसके पति का एक्सीडेंट हो गया है। जिस पर वह विश्वास करते हुए देवर के साथ बाइक पर बैठ गई। जिला पूर्व में एक गांव में एक स्थान पर लेकर गया और शराब के नशे में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अब पुलिस में रिपोर्ट दी गई है। पीड़िता का मेडिकल करवाने के साथ उसके बयान लिए जा रहे है। अठिाम पड़ताल जारी है।

पदयात्रा आज रामदेवरा रवाना होगी

जोधपुर, (कासं) । पब्लिक पार्क स्थित अमरनाथ शिव मंदिर से बाबा रामदेव की भव्य पदयात्रा शनिवार को रामदेवरा के लिए रवाना होगी। इसकी की तैयारियां पूरी कर ली गई है। महादेव ग्रुप द्वारा तैयार किए गए 11 फीट ऊंचे एवं 151 किलो वजनी अद्भुत कांच के बाबा रामदेवजी की सवारी व करीब 500 किलो वजनी व 15 फीट ऊँचा हाइड्रोलिक फाइबर लकड़ी व भव्य रोशनी से बना रथ तैयार किया गया है। महादेव ग्रुप के प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को दोपहर 3 बजे पब्लिक पार्क स्थित अमरनाथ शिव मंदिर में पूजा अर्चना के साथ सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरी महाराज के द्वारा महाआरती व भोग अर्पण के पश्चात बाबा रामदेवजी की सवारी की रथ यात्रा का शुभारम्भ होगा। साथ ही बैंड-बाजों व डीजे के साथ निकलने वाली यह शोभायात्रा सोजती गेट, जालोरी गेट, 12वीं रोड होते हुए मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर पहुंचेगी। वहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ध्वज व रथ के साथ रामदेवरा के लिए रवानगी होगी।

चोरी की केबल सहित दो गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं) । देचू पुलिस ने केबल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केबल सहित चोरी करने में प्रयुक्त बाइक को भी बरामद किया है। फलोदी एसपी कुंदन कंवरिया के निर्देश पर देचू थानाधिकारी शिवराजसिंह भाटी ने क्षेत्र में बढ़ रही केबल व मोटर चोरी के खुलासा के लिए अलग-अलग टीम का गठन किया। जिस पर एक कृषि फार्म पर हुई चोरी का खुलासा करते हुए चांदसर जैतसर निवासी राजूसिंह पुत्र अर्जुनसिंह, आसरलाई निवासी हाथीसिंह पुत्र जबरसिंह को गिरफ्तार कर तीन दिन तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया था। पुलिस रिमाण्ड के दौरान दोनों चोरी के आरोपियों के कब्जे से नलकूप से चोरी की गई केबल, मोटर पाइप सहित घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

रामदेवरा मेला स्पेशल ट्रेन 1 अगस्त से

जोधपुर, (कासं) । रेलवे द्वारा अगले माह भरने वाले रामदेवरा मेला-2025 के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान मे रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-रामदेवरा-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार रामदेवरा मेले को देखते हुए ट्रेन नंबर 04863, जोधपुर-रामदेवरा प्रतिदिन स्पेशल 1 अगस्त से 7 सितंबर तक (38 ट्रिप) जोधपुर से प्रतिदिन सुबह 4 बजे रवाना होकर 7.45 बजे रामदेवरा पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 04864, रामदेवरा-जोधपुर प्रतिदिन स्पेशल 1 अगस्त से 7 सितंबर (38 ट्रिप) रामदेवरा से प्रतिदिन सुबह 8.25 बजे रवाना होकर दोपहर 12 बजे जोधपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 8 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 10 डिब्बे होंगे।

ट्रेन की चपेट से बालक की मौत

जोधपुर, (कासं) । शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित खोखरिया गांव की सरहद में एक बालक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वह सुबह के समय घर से खेलने के लिए निकला था। बाद में पता लगा कि उसकी मौत हो गई। पिता की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। बनाड़ पुलिस ने बताया कि महादेव नगर खोखरिया बनाड़ निवासी 13 साल का हिमांशु पुत्र घेवरराम सुबह के समय खेलने के लिए घर से निकला था। मगर वह काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिवार चिंतित हो गया। इस पर उसकी तलाश की गई। तब पता लगा कि खोखरिया रेलवे ट्रेक पर बालक का शव पड़ा है। जिस पर उसकी पहचान की गई।

झालावाड़ हादसे पर जताया दुःख

जोधपुर, (कासं) । केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने झालावाड़ जिले के मनोहरथाना ब्लॉक में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग गिरने से जनहानि को दुखद और अत्यंत व्यथित करने वाला बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने इस संदर्भ में स्थानीय प्रशासन से राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली है। त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए कहा है। शेखावत ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि घायल बच्चों को शीघ्र और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। दिवंगत आत्माओं को शांति मिले।

डूंगरी भाखरी का स्कूल जर्जर कमरों में, बच्चे डर के साये में

रानीवाड़ा, (निसं)। शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की घोर लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण जालोर जिले के डूंगरी भाखरी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिल रहा है। यहां दो जर्जर कक्षा-कक्ष कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं, जिनमें करीब 250 मासूम बच्चों का भविष्य और जीवन दांव पर लगा है।

प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों को सूचित करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे बच्चों के अभिभावकों में गहरा रोष व्याप्त है।

मामले का खुलासा करते हुए प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने बताया कि विद्यालय के पत्रांक 242 दिनांक 05.12.2023 के प्रस्ताव के अनुसार, क्षतिग्रस्त दो कक्षा-कक्षों की मेजर रिपेयरिंग के लिए 6 लाख रुपये की स्वीकृति सत्र 2024-25 में जारी की गई थी। इसके अनुपालन में ठेकेदार द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान कार्य भी करवाया गया, लेकिन हैरत की बात यह है कि जिन कमरों को सख्त मरम्मत की आवश्यकता थी, उनकी मरम्मत की ही नहीं गई। जब ठेकेदार से इस बारे में जानकारी ली गई, तो उसने अपनी ओर से कार्य पूर्ण होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

चौधरी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिन दो कक्षा-कक्षों की मेजर रिपेयरिंग की सख्त आवश्यकता है, उनका काम न होना किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को न्यौता देने जैसा है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि किसी भी समय कमरों की दीवारें, छत तथा नींव जर्मीदोज हो सकते हैं। यह स्थिति न केवल बच्चों के लिए जानलेवा है, बल्कि शिक्षकों और स्टाफ के लिए भी खतरा बनी हुई है।

जालोर जिले के डूंगरी भाखरी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में दो जर्जर कक्षा-कक्ष कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं। फोटो-राष्ट्रदूत

विद्यालय प्रशासन ने इस गंभीर विषय पर कई बार उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर सूचित किया है। जिला कलेक्टर जालोर, जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा जालोर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, रानीवाड़ा और पीईईओ डूंगरी, रानीवाड़ा को भी इसकी प्रतियां भेजी गई हैं।

प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने राउ प्रा वि डूंगरी भाखरी के डाइस कोड का भी हवाला दिया, लेकिन बावजूद इसके, आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार को भेजे गए पत्र में स्पष्ट निवेदन किया गया है कि 'बच्चों की सुरक्षा विभाग एवं राज्य सरकार पर निर्भर है।'

यह पत्र स्पष्ट रूप से बताता है कि स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक इस मामले की जानकारी है, फिर भी बच्चों की जान जोखिम में डालकर शिक्षा दी जा रही है।

रूट मार्च निकाला

बालोतरा, (नि.सं.)। रमेश आईपीएस द्वारा बालोतरा शहर में पुलिस जाब्ते के साथ सांयकालीन पैदल गश्त कर रूट मार्च निकाला गया।

रूट मार्च का उद्देश्य आमजन में विश्वास तथा अपराधियों में भय की भावना स्थापित करना रहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह भाटी आरपीएस, वृताधिकारी बालोतरा सुशील मान आरपीएस, थाना प्रभारी बालोतरा उमेश विश्नोई उप निरीक्षक, थानाधिकारी जसोल चंद्र सिंह उप निरीक्षक, महिला थानाधिकारी लूणाराम उप निरीक्षक सहित कालिका पेट्रोलिंग यूनिट बालोतरा, थाना बालोतरा, थाना जसोल, महिला थाना, वृत कार्यालय का पुलिस जाब्ता, आरएसी जाब्ता उपस्थित रहा।

मुख्य बाजार व अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के पश्चात पुलिस थाना बालोतरा में संपर्क सभा आयोजित कर जवानों की समस्याएं सुनी गईं।

नवीन गर्भनिरोधक विधियों के पोस्टर का विमोचन

जोधपुर, (का.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जनसंख्या पखवाड़ा 2025 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज उम्मेद अस्पताल, जोधपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया।

इस अवसर के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र सक्सेना, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जोधपुर संभाग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा की गई। कार्यक्रम में उम्मेद अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मोहन मकवाना एवं उप अधीक्षक डॉ. शशि व्यास की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर जिले की सभी ब्लॉकों से चयनित श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों एवं आशा सहयोगिनियों का सम्मान मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही, नवीन गर्भनिरोधक विधियां - इम्प्लांट और सब-क्यूटेनियस अंतरा से संबंधित जागरूकता पोस्टरों का विमोचन सभी विशिष्टजनों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमाणित इकाइयों एवं प्रमाणित संस्थानों को भी प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरण भी किया गया:पंचायत समिति श्रेणी में ओसियां को सम्मानित किया गया। सैटेलाइट अस्पताल श्रेणी में मथानिया अस्पताल,तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में धणारी कल्लां को प्रमाणपत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

एक नई पहल के रूप में, आशा सहयोगिनियों के लिए चैटबॉट का भी उद्घाटन किया गया, जो उनके परामर्श एवं मार्गदर्शन में सहायक सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य इकाई के अधिकारीगण, आशा कार्यकर्ता एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

अंत में डॉ. राम निवास सेंवर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) ने सभी प्रतिभागियों, सम्मानितजनों एवं आमंत्रितों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पाली जिले में 255 टीमों ने सर्वे किया, लार्वा नष्ट किए

मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पाली में ऑयल बॉल्स पानी में डाली। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से शुक्रवार को पाली शहर में सघन सर्वे अभियान चलाया गया। अभियान के प्रथम दिन शुक्रवार को पाली शहर में 255 टीमों ने करीब 22 हजार से अधिक घरों का सर्वे कर लोगों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इन टीमों न शहर में खाली प्लॉटों में जमा बरसाती पानी से मच्छर नहीं पनपे इसके लिए 1500 से अधिक ऑयल बॉल्स इन बरसाती जमाव पानी में डालकर वहां पनप रहे लार्वा को नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इतना ही नहीं इन टीमों ने माईकिंग से लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जानकारी देकर जागरूक किया गया।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने कहा कि पाली में पिछले दिनों पाली शहर सहित जिले भर में हुई बारिश के बाद मौसमी बीमारियां नहीं फैले इसको लेकर चिकित्सा विभाग सजग व सतर्क है। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देश पर चिकित्सा विभाग की ओर से 25 व 26 जुलाई को पाली शहर में सघन सर्वे एवं स्वास्थ्य शिक्षा अभियान चलाने का निर्णय किया गया। इसी निर्देश की पालना में मौसमी बीमारियों के बचाव एवं नियंत्रण के पाली शहरी क्षेत्र में सोमवार से सम्पूर्ण शहरी क्षेत्र में सघन अभियान चलाया जा कर मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए मच्छररोधी गतिविधियां की गई। यह गतिविधियां शनिवार को भी जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रथम दिन इस अभियान के तहत 255 टीमों ने पाली शहर के 22 हजार 415 घरों का सर्वे कर वहां के लोगों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इन टीमों न शहर में खाली प्लॉटों में जमा बरसाती पानी से मच्छर नहीं पनपे इसके लिए 1500 से अधिक ऑयल बॉल्स इन बरसाती जमाव पानी में डालकर वहां पनप रहे लार्वा को नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इन टीमों ने माईकिंग से लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जानकारी देकर जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि इन टीमों ने सर्वे के दौरान सामान्य मौसमी बीमारियां (दस्त बुखार, सर्दी एवं खांसी आदि) के उपचार में काम में आने वाली आवश्यक दवाईयां की किट एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबंधित पेंपलेट्स व आईईसी सामग्री सर्वे दौरान आमजन को उपलब्ध करवाए जाने के बारे में बताया गया। साथ ही इन टीमों द्वारा अपने संबंधित क्षेत्र में घर-घर सर्वे के दौरान पानी की टकियों, कूलरों में लार्वा खत्म करवाने, एमएलओ, टेमीफोस की कार्यवाही की किस तरह की जाए, पानी भरने के स्थानों पर आयल बॉल्स डालने की कार्यवाही के बारे में, बुखार के रोगियों की मलेरिया स्लाईड लेने, घर-घर सर्वे के दौरान आमजन को बुखार एवं सर्दी, खांसी आदि होने पर तत्काल निकटतम चिकित्सा संस्थान पर चिकित्सकीय परामर्श लेने, अपने घरों के आसपास पानी इकट्टा न होने देने, टंकी व कूलरों के पानी को प्रत्येक सात दिवस में खाली करने, मच्छरों से बचाव के लिए पूरे कपड़े पहनने के लिए जागरूक किया गया। सर्वे में एएनएम प्रशिक्षण केंद्र, जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र, राजकीय नर्सिंग कॉलेज, करणी कृपा कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों, नर्सिंग ऑफिसर आशा सहयोगिनी आदि ने अपनी भागीदारी निभाई। सर्वे के दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ वेदांत गर्ग, एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ.अंकित माथुर, एनयूएचएम के डीपीओ जितेन्द्र परमार, एएमओ विरेन्द्र वैष्णव, डीपीसी (आशा) कुलदीप गोस्वामी, डाटा मैनेजर गजेन्द्र शर्मा, पृथ्वी सिंह का सहयोग रहा।

सम्मानित किया

जालोर, (कासं)।जालोर के कायस्थ विभूषण को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जोधपुर के कायस्थ प्रतिभा सम्मान समारोह में कलम दवात अलंकरण सम्मान एवं चित्रगुप्त सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जोधपुर के संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र राजन एवं महिला संभागीय अध्यक्ष संगीता भटनागर ने बताया कि 180 कायस्थ प्रतिभाओ का एवं 29 कलम दवात अलंकरण सम्मान, चित्रगुप्त सेवा सम्मान एवं कलम के धनी सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया

कायस्थ महासभा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गिरीश माथुर (जिला परिषद) जालोर को कायस्थ समाज के जन कल्याणकारी कार्यो, समाज मे उल्लेखनीय सेवाओ एवं विशिष्ट कार्य करने पर कलम दवात अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

कायस्थ महासभा राजस्थान जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, जालोर ब्लड डोनर संस्था परिवार संरक्षक, चित्रांश नितेश भटनागर जालोर को जालोर, राजस्थान एवं सम्पूर्ण भारत मे रक्तदान-महादन सेवा में सर्वोच्च कार्य करने एवं कायस्थ समाज का गौरव बनने पर चित्रगुप्त सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

बैनर जारी

पाली, (नि.सं.)। तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण की शिष्या साध्वी श्री काव्य लता जी के सानिध्य में 3 दिवसीय आध्यात्मिक क्रिकेट की बैनर का विमोचन किया गया। यह प्रतियोगिता तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में किशोर मंडल द्वारा आयोजित होगी। प्रतियोगिता रात्रि 8:30 बजे से 10 बजे तक चलेगी।

इस प्रतियोगिता में जैन धर्म भगवान महावीर तेरापंथ आचार्य परंपरा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जाएंगे। वह उत्तर सही होने पर उन्हें क्रिकेट पर आधारित रन दिए जाएंगे।

6 सदस्यों की 6 टीम में व समीफाइनल फाइनल होगा। प्रायोजक परिवार सुभाष चंद्र, राहुल कुमार, रोहित कुमार लुणिया परिवार, नाकोड़ा मार्बल व तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा आदि सदस्य उपस्थित थे।

पर्यटक स्थल बनेगा सुरपुरा बांध : जोगाराम पटेल

जोधपुर, (कासं) । संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जल संसाधन विभाग और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ सुरपुरा बांध का अवलोकन किया और अधिकारियों से जल भराव क्षमता और वर्तमान जल स्तर की जानकारी ली। उन्होंने सुरपुरा बांध क्षेत्र को जोधपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक आधारभूत अवसंरचना के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार समुचित जलापूर्ति की दिशा में कृत संकल्पित होकर काम कर रही है। वर्षों से लम्बित परियोजनाओं के कार्य तीव्र गति से धरातल पर उतर रहे हैं। राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता और देवास परियोजना जैसी विभिन्न परियोजनाओं का कार्य पूर्ण होने पर पेयजल, कृषि एवं उद्योगों के लिए आवश्यक पानी उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की समयावधि 2028 तक के लिए बढ़ाई है, जिससे जेजेएम की लंबित परियोजनाओं का कार्य पूर्ण होने पर हर घर तक नल से जल पहुंचेगा। संसदीय कार्य मंत्री ने अधिकारियों को बांध पर सडक़ निर्माण, फैंसिंग और लाइटिंग की व्यवस्था के लिए प्लान बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

जोगाराम पटेल ने कहा कि सुरपुरा बांध पर जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित सफारी पार्क एवं प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित करेगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा।

साध्वी पुष्पा का देवलोक गमन, पालकी यात्रा निकाली

जोधपुर, (कासं) । आचार्य भगवंत पंजाब केसरी विजय वल्लभ सुरीश्वर महाराज की समुदायवर्तिनी वर्तमान गच्छाधिपति जैनाचार्य विजय नित्यानंद सुरीश्वर महाराज की आज्ञानुवर्ति सुशिष्या वयोवृद्ध साध्वी पुष्पाश्री का देवलोक गमन भैरू बाग तीर्थ में हो गया।

तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं सचिव जगदीश गांधी ने बताया कि उनका देवलोक गमन गुरु पुष्य योग में गुरुवार की रात्रि 12.40 बजे हो गया। 94 वर्षीय सरल हृदय वयोवृद्ध साध्वी पुष्पाश्री के देवलोक गमन की सूचना पाकर समूचे जैन समाज में शोक की लहर छा गई। साध्वी पुष्पा की दीक्षा 18 वर्ष की उम्र में हुई थी। उनकी बड़ी दीक्षा भैरू बाग तीर्थ में ही हुई थी। उनका दीर्घ संयमी जीवन (दीक्षा पर्याय) 76 वर्ष का रहा। पिछले काफी समय शारीरिक अस्वस्थता के कारण वे भैरू बाग तीर्थ में ही विराजमान रही।

भैंरूबाग तीर्थ पर अंतिम दर्शन

भैरू बाग तीर्थ से उनकी महाप्रयाण यात्रा से पूर्व मुहताजी मंदिर एवं भैरू बाग में विराजित साध्वीवृन्द ने उनके अंतिम दर्शन किए। साध्वी महाराज की पालकी शुक्रवार को दोपहर बैंड बाजों के साथ निकाली गई। बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। उनकी महाप्रयाण यात्रा भैरूबाग जैन तीर्थ से सरदारपुरा सी रोड, गोल बिल्डिंग से शनिश्चरजी के थान होते हुए सिवांची गेट ओसवाल स्वर्गाश्रम पहुंची।

लिव-इन रिलेशन में रहने वाले युगल का होटल से अपहरण, युवक को पीटा

जोधपुर, (कासं)। शहर में मंडोर स्थित मगराज का टाका क्षेत्र में रहने वाले एक युवक व युवती का पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन स्थित होटल से अपहरण कर लिया गया। उसके बाद युवक से बुरी तरह मारपीट करने के साथ पेड़ से बांध कर पिटाई की गई। आरोपियों ने युगल को दो कारों में डाला और रास्ते भर युवक को पीटा गया। बाद में शहर के पावटा क्षेत्र में ठेलों की पीछे लाकर पटक दिया। होश आने पर उसे मथुरादास माथुर अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने पर्चा बयान देकर बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी है। जांच मारवाड़ जंक्शन पुलिस की तरफ से की जा रही है। मारपीट में पैर भी फ्रैक्चर हो गए।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मगराज का टांका मंडोर निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह एक युवती को 17 जुलाई को अपने साथ लेकर गया था, जिस पर युवती की मां की तरफ से बनाड़ थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई। इनके द्वारा एक इकरारनामा बाबत लिव इन रिलेशनशिप निष्पादित करवाकर नोटेरी पब्लिक करवाया था। बाद में बनाड़ थाने में युगल ने अपने बयान दर्ज करवा दिए थे। युवती ने अपनी मर्जी से जाना बताया था। इसके बाद दोनों लूणी चले गए। कुछ दिन लूणी में रूकने के बाद यह लोग मारवाड़ जंक्शन स्थित होटल में रहने लगे। 21 जुलाई की रात तीन बजे युवती का मामा पप्पू, करीम, साहिल, जाकिर, आकाश, अशोक, यशपाल आदि दो कारें लेकर वहां पहुंचे। होटल से इन दोनों का अपहरण कर लिया। पर्चा बयान में बताया कि आरोपियों ने बीच रास्ते उसके पास रखे साढ़े चार हजार रूपए, मोबाइल छीन लिया और मारपीट करते रहे। बाद में युवती को दूसरी कार में डाल दिया गया। बाद में सुबह दस बजे आरोपी पप्पू के घर झोपड़ी रोड़ लेकर आए और एक कमरें में बंद कर दिया, जहां पर दिलीप, राजू, पप्पू, ओमा, अनिल आदि शख्स ने उसके साथ मारपीट की। फिर कोकुण्डा लेकर पहुंचे, जहां एक खेजड़ी पेड़ से बांधकर उसे पीटा गया।

वाकपीठ शुरू

पाली , (नि.सं.)। पाली ब्लॉक के समस्त राजकीय व निजि उच्च माध्यमिक संस्थाप्रधानो की दो दिवसीय सत्रारम्भ वाकपीठ शुक्रवार से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टेवाली मे शुरू हुई। ब्लॉक के सभी संस्थाप्रधानो ने भाग लिया।

वाकपीठ अध्यक्ष राधेश्याम सोनी एवं सचिव शिवराम ने बताया कि वाकपीठ के मुख्य अतिथि पाली प्रधान मोहनी देवी पुखराज पटेल ने कहा कि संस्थाप्रधान विद्यालय विकास की धूरी है जिनके बिना विद्यालय का सर्वांगीण विकास संभव ही नही है। वे इस वाकपीठ से नए नवाचार सीखकर जाए।

आम सूचना

शपथ पत्र

(फर्म में भगीदार को बदलने के लिये)

मैसर्स केसरी ग्रेनाईट प्लोट नम्बर -87 खसरा नम्बर - 900, 905, 1104/904, भीनमाल रोड गांव भागलीसिंन्धलान तहसील जालोर जिला जालोर (राज.) रजिस्ट्रेशन नम्बर - 17/15/057/2012 दिनांक - 05.12.2012, पता भीनमाल रोड भागलीसिंन्धलान एवं भागीदार शपथ प्रत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि :- यह है कि केसरी ग्रेनाईट भागली सिंन्धलान जालोर का भागीदार श्री रामजिवन पुत्र श्री मंगलाराम जाट उम्र -44 वर्ष निवासी - डूकिया तहसील मेंडतासिटी, जिला - नागौर राजस्थान पिन - 341513 ने दिनांक - 16.06.2025 को आपसी समझोता से मेने शपथकर्ता ने मेरी भागीदारी निकाल दी गई है अब इस फर्म में मेरा किसी प्रकार का कोई लेन देन नही रहेगा । ओर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही करुंगा व मुझे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही है , जिससे जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंन्द्र जालोर को जरिये शपथ प्रत्र के सूचित कर रहा हूँ ।

इति दिनांक - 24.07.2025 शपथग्रहिता रामजीवन

उत्तर पश्चिम रेलवे

(सर्वे व निर्माण)

ई निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-द्वितीय, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए **ई-निविदा (खुली निविदा-दोहरी पैकट पद्धति)** आमंत्रित करते है **1. निविदा सूचना संख्या** : DYCE-C-II-JU-T-10 R-LUNI-SMR-BLDI **2. कार्य का नाम स्थान सहित** : Laying and linking of Broad Gauge main Line, including points and crossings, spreading of Ballast, tamping of track, transportation of P.Way Materials and other ancillary works from Modran (including) Km 92